नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

खास बातें

- भोपाल से हुई गिरफ्तारी, हैदरगढ़ पुलिस की कार्रवाई
- कई महीनों से फरार चल रहे आरोपी को भेजा गया जेल

नवभारत न्यूज

हैदरगढ़ 22 जुलाई, थाना हैदरगढ़ पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी और धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया. आरोपी लंबे समय से मोबाइल बंद कर फरार चल रहा था, जिसे तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों की मदद से प्रदेश की राजधानी भोपाल से गिरफ्तार किया गया.

पुलिस के अनुसार ग्राम विजयपुर निवासी भारत सिंह गुर्जर ने थाना हैदरगढ़ में शिकायत दर्ज कराई थी कि संजय मालवीय निवासी पठारी ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे रुपए लेकर ठगी की. शिकायत की जांच के बाद थाना हैदरगढ़ में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) एवं 316(2) के तहत अपराध क्रमांक 19/2026 दर्ज कर विवेचना शुरू की गई.

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए, लेकिन घटना के बाद से आरोपी मोबाइल बंद कर फरार हो गया था. उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए गए. तकनीकी विश्लेषण और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की लोकेशन का पता लगाया गया.आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी हैदरगढ़ उपनिरीक्षक रघुराज सिंह रघुवंशी तथा थाना प्रभारी पठारी उपनिरीक्षक ऋतुराज बिन्झारे के नेतृत्व में दो पुलिस टीमों का गठन किया गया. टीमों ने लगातार प्रयास करते हुए भोपाल से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.पुलिस ने विवेचना के दौरान ठगी और धोखाधड़ी से संबंधित अन्य सुसंगत धाराएं भी प्रकरण में जोड़ीं. आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल विदिशा भेज दिया गया.कार्रवाई में प्रमुख भूमिका थाना प्रभारी रघुराज सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी ऋतुराज बिन्झारे, उपनिरीक्षक गौरव रघुवंशी (सायबर सेल), सहायक उपनिरीक्षक घनश्याम शास्ता, प्रधान आरक्षक शंभू प्रसाद वर्मा, प्रधान आरक्षक प्रमोद शर्मा, आरक्षक चन्द्रहास मालवीय, गिरजेन्द्र, रूपेश मेहता (सायबर सेल) तथा रूपेश कुर्मी सहित पुलिस टीम की रही.

गड्ढों और जलभराव की खबर का असर, सड़क सुधार कार्य शुरू

- कलेक्टर के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी ने भरे गड्ढे
- जल निकासी के लिए भी दिए गए निर्देश

नवभारत न्यूज

पठारी 22 जुलाई. नगर के फार्म चौराहा से खुरई मार्ग पर गड्ढों और जलभराव की समस्या को समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया. खबर का संज्ञान लेते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तत्काल सड़क सुधार के निर्देश दिए.

कलेक्टर के निर्देश के बाद लोक निर्माण विभाग ने खुरई रोड सहित प्रभावित स्थानों पर गड्ढों में पत्थर और मुरम भरने का कार्य शुरू करा दिया. बारिश के दौरान सड़क पर जलभराव होने से स्कूली बच्चों, पैदल यात्रियों तथा दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. कई स्थानों पर फिसलन के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई थी.स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि अस्थायी मरम्मत के साथ-साथ सड़क किनारे नालियों की समुचित व्यवस्था कर जल निकासी की स्थायी समस्या का भी समाधान किया जाएगा.पठारी तहसीलदार प्रेमलता पाल ने बताया कि संबंधित मार्ग पर जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं.

गिरनारजी तीर्थ यात्रा से लौटे 120 श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. भगवान नेमीनाथ के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर गिरनारजी तीर्थ की यात्रा पर गए गंजबासौदा के 120 श्रद्धालुओं का समूह बुधवार को सकुशल वापस लौटा. श्रद्धालुओं के लौटने पर सकल जैन समाज द्वारा रेलवे स्टेशन पर उनका भव्य स्वागत किया गया.अभय सेना के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का यह जत्था 18 जुलाई को गंजबासौदा से गिरनारजी के लिए रवाना हुआ था. यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान नेमीनाथ के पावन तीर्थ पर दर्शन-पूजन कर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया. यात्रा पूर्ण कर सभी श्रद्धालु 22 जुलाई को गंजबासौदा लौटे.श्रद्धालुओं के आगमन पर गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर सकल जैन समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर उनका आत्मीय स्वागत किया. इस अवसर पर समाज के लोगों ने तीर्थयात्रियों से यात्रा के अनुभव भी साझा किए और भगवान नेमीनाथ के प्रति आस्था व्यक्त की.

12 दिन बाद बरसे मेघ, किसानों ने ली राहत की सांस, बारिश से खरीफ की फसलों को मिली राहत

सिरोंज में हुई मंगलवार को 21 मिमी बारिश

नवभारत न्यूज

सिरोंज, लंबे इंतजार के बाद मंगलवार एवं बुधवार को हुई बारिश ने क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत दी है. इसके पूर्व पिछले 12 दिनों में महज 3 मिमी बारिश होने से खेतों की नमी कम हो गई थी. जिससे खरीफ फसलों को नुकसान हो रहा था. ऐसे में मंगलवार एवं बुधवार की बारिश फसलों के लिए राहत बनकर आई है. सिरोंज में 1 जून से बुधवार सुबह तक कुल 354 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है. जबकि बीते साल इसी अवधि में 514 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी. जबकि मंगलवार को 21 मिमी वर्षा हुई.

बारिश का लंबा अंतराल खेती पर भारी पड़ने लगा था. खेतों में पानी की कमी से फसलों को नुकसान हो रहा था. सोयाबीन, मक्का, धान सहित अन्य खरीफ की फसल खेतों में नमी के अभाव में प्रभावित हो रही थी. किसानों को आशंका सताने लगी थी कि यदि कुछ दिन और बारिश नहीं हुई तो उत्पादन पर इसका सीधा असर पड़ेगा. मंगलवार एवं बुधवार को हुई बारिश से किसानों ने थोड़ी राहत की सांस ली. किसानों का कहना है कि यह बारिश समय पर हुई है, लेकिन अच्छी पैदावार के लिए आगामी दिनों में भी नियमित और पर्याप्त वर्षा जरूरी है. क्षेत्र के किसानों का मानना है कि मानसून यदि अब लगातार सक्रिय रहता है तो फसलों की स्थिति में सुधार होगा. किसान आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश की उम्मीद लगाए हुए हैं.

बाढ़, आग, सर्पदंश से बचाव के तरीके सीख रहे छात्र

- विद्यार्थियों को मिले आपदा प्रबंधन के मंत्र
- एसडीईआरएफ ने सिखाए बचाव के गुर

नवभारत न्यूज

सिरोंज, निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में एसडीईआरएफ के सदस्यों ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी. इस दौरान टीम ने विभिन्न बचाव कार्यों का प्रदर्शन कर छात्रों को आपात परिस्थितियों में धैर्य और सूझबूझ से काम लेने के तरीके बताए.

कार्यक्रम में टीम के सदस्य संजीव राजपूत ने बताया कि बारिश के मौसम में नदी-नाले उफान पर रहते हैं, जिससे कई बार लोग जल प्रवाह में फंस जाते हैं. ऐसी परिस्थितियों में घर में उपलब्ध साधनों जैसे खाली प्लास्टिक ड्रम और पानी की बोतलों की मदद से अस्थायी बचाव उपकरण तैयार किए जा सकते हैं. उन्होंने सर्पदंश की घटनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में घबराने की बजाय तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए. समय पर उपचार मिलने से पीड़ित की जान बचाई जा सकती है. एस.एन. विश्वकर्मा ने आग लगने की घटनाओं और अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि अग्निशमन यंत्र चलाने से पहले हैंडल में लगी सुरक्षा पिन निकालना जरूरी होता है, क्योंकि कई लोग जानकारी के अभाव में इसका सही उपयोग नहीं कर पाते. कार्यक्रम में देवेंद्र लिलौटिया, सुधीर, माधव और सालिगराम ने भी विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया. इस अवसर पर विद्यालय की उपप्राचार्य सिस्टर लिमी, शिक्षक जफर खान, रफतउल्लाह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे.

नगर विकास की टीम हुई मजबूत, सिरोंज नपा में 6 एल्डरमैन नियुक्त

नवभारत न्यूज

सिरोंज, सिरोंज नगरपालिका में 6 एल्डरमैन नियुक्त किये गये है. जिनमें मूलचंद नेमा, सुमंत कुमार, बृजमोहन नामदेव, गणेशराम प्रजापति, सीताराम कुशवाह, शरद चौरसिया को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है. नगर पालिका सिरोंज में नवनियुक्त एल्डरमैनो का स्वागत किया गया. नपाध्यक्ष मनमोहन साहू के नेतृत्व में नपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सीएमओ रामप्रकाश साहू ने पुष्पमाला पहनाकर सभी एल्डरमैनो का स्वागत किया. इस मौके पर एल्डरमैनो ने नगर के विकास में सहभागिता करने की बात कही. इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, हरिचरण अहिरवार, इमरान कुरैशी, सचिन शर्मा, तोषमनी पंथी, बलजीत यादव, फ़ईम खान, राजू कुशवाह, जयनारायण सेन रहे.

विकासखंड स्तरीय आर्चरी प्रतियोगिता संपन्न

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल में विकासखंड स्तरीय आर्चरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में नगर के शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल, राइजिंग पब्लिक स्कूल एवं आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.

प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना ने फीता काटकर किया. इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर प्रणय जैन, पंकज जैन, सतेंद्र सिंह राजपूत, अशोक जैन, कोच साईं दांगी सहित श्रीमती अनीता जैन, मिलन जैन, शिवानी मीणा, हर्षिता जैन, नेहा माहेश्वरी, ईशा सिंघई, मानसी जैन, अंजलि राजपूत, वैष्णवी कुशवाह, भानु दुबे, पीयूष सोनी तथा बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.प्रतियोगिता में आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया. इस उपलब्धि के साथ विद्यालय के चयनित खिलाड़ी अब संभाग स्तरीय आर्चरी प्रतियोगिता में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे.विद्यालय प्रबंधन ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई.

डायल-112 ने भटके 10 वर्षीय बालक को परिजनों से मिलाया

नवभारत न्यूज

विदिशा. थाना ग्यारसपुर क्षेत्र में 22 जुलाई की मध्यरात्रि घर का रास्ता भटक गए 10 वर्षीय बालक को डायल-112 पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर सकुशल उसके परिजनों से मिला दिया. रात 12¬15 बजे अटारी खेजड़ा से सूचना मिलने पर डायल-112 स्टाफ सैनिक संतोष मिश्रा और पायलट लक्ष्मी नारायण यादव मौके पर पहुंचे. बालक कोई जानकारी नहीं दे पा रहा था. पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला कि उसके परिजन पुरा गौसाई गांव के निवासी हैं. पुलिस टीम बालक को एफआरवी वाहन से गांव लेकर पहुंची और पहचान व सत्यापन के बाद सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया. परिजनों ने डायल-112 की त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई की सराहना की.

विशेषज्ञों ने आधुनिक डेयरी प्रबंधन, स्वरोजगार के गुर सिखाए

नवभारत न्यूज

सिरोंज. ग्रामीण युवाओं एवं हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित डेयरी पशुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन एवं मूल्यांकन जनपद पंचायत सिरोंज में संपन्न हुआ. प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक डेयरी पशुपालन की तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई.कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी द्वारा विकासखंड मुख्यालयों पर विभिन्न स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं. जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में आरसेटी विदिशा के डायरेक्टर एफ.सी. महली ने उन्नत नस्ल के पशुओं का चयन, संतुलित आहार प्रबंधन, पशुओं के स्वास्थ्य एवं टीकाकरण, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की तकनीक, स्वच्छ दूध उत्पादन तथा डेयरी व्यवसाय के आर्थिक पहलुओं की जानकारी दी. साथ ही प्रतिभागियों को डेयरी व्यवसाय को लाभकारी बनाने के व्यावहारिक उपाय भी बताए गए.समापन समारोह में वीबी-ग्रामीण-जी के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी खेमचंद अहिरवार, जनपद पंचायत सिरोंज के आजीविका मिशन से प्रकाश मीणा तथा आरसेटी विदिशा के डायरेक्टर एफ.सी. महली उपस्थित रहे. अतिथियों ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए और उन्हें प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया.

मौन सूचना

विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.

ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.

मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO

विकास पचौरी रेडियो 84 35 250 250

और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

छात्रों की समस्याओं पर गूंजा छात्र संवाद कांग्रेस नेताओं ने युवाओं से किया सीधा संवाद

नवभारत न्यूज

सिरोंज, बदलती शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक, भर्ती घोटालों, बढ़ती बेरोज़गारी तथा छात्रों और युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर बुधवार को अनंत श्री गार्डन में छात्रों की गूंजङ्कछात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने छात्रों एवं युवाओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने. इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक सचिन यादव, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी, कांग्रेस के जिला प्रभारी राजेश रघुवंशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी सहित स्थानीय कांग्रेस नेता मौजूद रहे. कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, युवाओं के अधिकार और उनसे जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई.

12 घंटे में हत्या सदृश दुर्घटना का खुलासा, हैदरगढ़ पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

- लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने से मालिक की हुई थी मौत
- पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार की गलती

नवभारत न्यूज

हैदरगढ़. थाना हैदरगढ़ पुलिस ने ग्राम कोलुआ धामनोद में ट्रैक्टर मालिक की मौत के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण का खुलासा कर दिया.

पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर मालिक निलेश यादव को बबलू पिता कमल सिंह अहिरवार अपने खेत पर किराए से ट्रैक्टर चलाने के लिए ले गया था. आरोप है कि खेत पर ट्रैक्टर चलाने के दौरान आरोपी की लापरवाही के कारण निलेश यादव ट्रैक्टर की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई.घटना की सूचना मिलते ही हैदरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए. पुलिस ने गवाहों के बयान और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही बबलू को हिरासत में लेकर पूछताछ की. पूछताछ के दौरान आरोपी ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने की बात स्वीकार कर ली. इसके बाद पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया.थाना प्रभारी रघुराज सिंह रघुवंशी ने बताया कि पुलिस टीम ने लगातार जांच और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए मात्र 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. उन्होंने कहा कि मामले की विवेचना जारी है और प्रकरण के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है.मामले का इतनी कम अवधि में खुलासा होने पर क्षेत्र के लोगों ने हैदरगढ़ पुलिस की त्वरित और प्रभावी कार्यशैली की सराहना की है. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रघुराज सिंह रघुवंशी सहित पूरे थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

आयोजन | कथाव्यास बोले- कलियुग में श्रीजगन्नाथ पुरी साक्षात मोक्षदायिनी भूमि, संतों का एक उपदेश बदल सकता है पूरा जीवन

जगन्नाथ पुरी पहुंचने से पहले मन को पुरुषोत्तम बनाइए, तभी सफल होगी तीर्थयात्रा

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. कलियुग में यदि कोई साक्षात मोक्षदायिनी भूमि है तो वह भगवान श्रीजगन्नाथ की पुरी है, जहां पहुंचकर केवल शरीर ही नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा का भी शुद्धिकरण होता है. तीर्थयात्रा तभी सफल होती है, जब श्रद्धालु बाहरी यात्रा के साथ अपने भीतर भी परिवर्तन लेकर आए. यह विचार श्रीजगन्नाथ महात्म्य कथा के पंचम दिवस पर नौलखी खालसा के श्री महंत राम मनोहर दास जी महाराज ने व्यक्त किए.

स्टेशन रोड स्थित श्री नौलखी मंदिर में रथयात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कथा के दौरान महंत श्री ने कहा कि भगवान श्रीजगन्नाथ की पुरी कलियुग का साक्षात तीर्थ है. शास्त्रों में पुरुषोत्तम क्षेत्र की महिमा का विस्तृत वर्णन मिलता है और इसे समस्त तीर्थों का मुकुटमणि कहा गया है. भगवान श्रीजगन्नाथ के कारण ही इस पावन धाम को पुरुषोत्तम क्षेत्र कहा जाता है, जिसका उल्लेख स्कंद पुराण में भी मिलता है.

उन्होंने कहा कि आज अनेक लोग तीर्थों पर होटल, भोजन और घूमने की योजनाएं पहले बनाते हैं, जबकि शास्त्रों के अनुसार तीर्थ पहुंचते ही सबसे पहले पवित्र स्नान, संकल्प, जप, हवन, दान और उसके बाद देवदर्शन करना चाहिए. तीर्थ का उद्देश्य मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मपरिष्कार है. उन्होंने रामायण का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वयं भगवान श्रीराम ने भी पहले पवित्र स्नान कर स्वयं को शुद्ध किया और उसके बाद ऋषियों तथा देवस्थलों के दर्शन किए.महंत श्री ने कहा कि भगवान श्रीजगन्नाथ की पुरी केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि समर्पण, सेवा, समानता और सनातन संस्कृति का जीवंत प्रतीक है. यहां आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु अपने अहंकार, पाप और विकारों का त्याग कर नए जीवन का संकल्प लेकर लौटता है.

सत्संग से बदलता है जीवन

कथाव्यास ने कहा कि मनुष्य का पतन कुसंगति से और उत्थान सत्संग से होता है. जिस प्रकार विष की एक बूंद पूरे पात्र को दूषित कर देती है, उसी प्रकार कुसंग जीवन को बर्बाद कर देता है. वहीं संतों का संग मनुष्य को भक्ति, सेवा और सदाचार के मार्ग पर अग्रसर करता है. उन्होंने कुरुक्षेत्र के एक ब्राह्मण और क्षत्रिय मित्र का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि एक वैष्णव संत के सत्संग से दोनों के जीवन की दिशा बदल गई. संतों की वाणी केवल शब्द नहीं, बल्कि आत्मा को जागृत करने वाली दिव्य शक्ति होती है.उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि तीर्थयात्रा केवल पैरों से नहीं, बल्कि श्रद्धा, समर्पण और शुद्ध मन से करें. तीर्थ वही सफल है, जहां लौटते समय केवल प्रसाद ही नहीं, बल्कि बदला हुआ मन और बदला हुआ जीवन भी साथ लौटे.कथा के समापन पर पूरा पंडाल भगवान श्रीजगन्नाथ के जयघोष से गूंज उठा. इस अवसर पर कथाव्यास पंडित आचार्य केशव शास्त्री ने भी पुरुषोत्तम क्षेत्र की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीजगन्नाथ की पुरी कलियुग का साक्षात मोक्षदायिनी धाम है, जहां श्रद्धा और समर्पण के साथ पहुंचने वाला प्रत्येक भक्त भगवान की विशेष कृपा का पात्र बनता है.

विद्यार्थियों को यातायात नियमों को लेकर किया जागरूक

नशे के दुष्प्रभावों की दी जानकारी

यातायात पुलिस ने नाबालिग वाहन चालकों पर की कार्यवाही

नवभारत न्यूज

सिरोंज 22 जुलाई, स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा मिशन सुरक्षित बचपन, सुरक्षित सड़क के तहत नया बस स्टैंड पर स्कूल के बाहर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान बिना लाइसेंस एवं कम उम्र के नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाते पाए जाने पर उनके परिजनों को मौके पर बुलाकर समझाइश दी गई. तथा भविष्य में बच्चों को वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी गई. यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 19 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 5 हजार 700 का समन शुल्क वसूला गया.

यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश वाघेला के नेतृत्व में संचालित इस अभियान के दौरान हबीबिया स्कूल परिसर में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों एवं उससे बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई. छात्र-छात्राओं को बताया गया कि तंबाकू, गुटखा, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों का सेवन गंभीर बीमारियों का कारण बनता है. साथ ही बताया कि नशे की लत युवाओं की शिक्षा, कैरियर और भविष्य को प्रभावित करती है तथा परिवार एवं समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के संबंध में भी जागरूक किया गया. यातायात प्रभारी द्वारा विद्यार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं राह-वीर योजना, कैशलेस उपचार योजना, हिट एंड रन प्रतिकर योजना के बारे में भी बताया गया, उन्होंने बताया कि विदिशा पुलिस का उद्देश्य प्रत्येक छात्र-छात्रा की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना है.